Daily Current Affairs 17 October 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 14 अक्टूबर को मनाया गया विश्व मानक दिवस
• प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'विश्व मानक दिवस' का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2022 में इसकी थीम 'Shared Vision For a Better World' है। इस दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था के मानकीकरण के महत्त्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है।
• यह दिवस वर्ष 1956 में लंदन में आयोजित 25 देशों के प्रतिनिधियों की पहली बैठक को चिह्नित करता है, जिन्होंने मानकीकरण की सुविधा हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के निर्माण का निर्णय लिया था। विश्व मानक दिवस का आयोजन पहली बार वर्ष 1970 में किया गया था।

2. पूर्वी नौसेना कमान ने अपतटीय सुरक्षा अभ्यास 'प्रस्थान' का किया आयोजन
• 11 से 12 अक्टूबर, 2022 तक पूर्वी नौसेना कमान ने अपतटीय सुरक्षा अभ्यास 'प्रस्थान' आयोजित किया है। इसका आयोजन पूर्वी नौसेना कमान के मुख्यालय के अंतर्गत कृष्णा गोदावरी बेसिन अपतटीय विकास क्षेत्र (ODA) में किया गया। यह अभ्यास हर छह महीने में आयोजित किया जाता है।
• इसमें विभिन्न तेल ऑपरेटरों जैसे कि- ओएनजीसी, आरआईएल, वेदांत और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में आंध्र प्रदेश समुद्री पुलिस, आंध्र प्रदेश मत्स्य पालन विभाग और तटरक्षक बलों ने भाग लिया था। यह अभ्यास आतंकवादी घुसपैठ, बम विस्फोट, आग का लगना, तेल रिसाव आदि जैसी आकस्मिक घटनाओं का सामना करने के लिए किया गया।

3. नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा पहला राष्ट्रीय कोयला सम्मेलन और प्रदर्शनी 2022
• 16-17 अक्टूबर, 2022 को नई दिल्ली में पहले राष्ट्रीय कोयला सम्मेलन और प्रदर्शनी (First National Coal Conclave) 2022 आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन इंडियन नेशनल कमिटी वर्ल्ड माइनिंग कॉन्ग्रेस द्वारा कोयला मंत्रालय के संरक्षण में किया जाएगा। सम्मेलन में कोयला, खान, बिजली, इस्पात, नीति आयोग, आपदा प्रबंधन मंत्रालयों के वरिष्ठ पदाधिकारी आदि शामिल होंगे।
• इसका विषय 'भारतीय कोयला क्षेत्र-आत्मनिर्भर भारत के लिए सतत खनन' (Indian coal sector-sustainable mining towards Aatmanirbhar Bharat) है। यह नीति-निर्माताओं, सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की खनन कंपनियों, अनुसंधानकर्ताओं, शिक्षाविदों व अन्य हितधारकों को एक उपयुक्त मंच प्रदान करेगा।

4. मेघालय में शुरू हुआ मेघा कयाक महोत्सव 2022

Daily Current Affairs 17 October 2022

• 13 से 16 अक्टूबर, 2022 तक मेघालय में चार दिवसीय मेगा ग्लोबल एडवेंचर स्पोर्ट्स तमाशा 'मेघा कयाक फेस्टिवल 2022' का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2022 में इसका 5वाँ संस्करण है। यह फेस्टिवल सुरम्य उमट्रेव नदी में शुरू हुआ है।
• इसमें दुनिया भर के करीब 20 देशों के 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है, जिसमें कुछ सबसे प्रसिद्ध एथलीट शामिल होंगे। मेघा कयाक महोत्सव को न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रांस और कनाडा जैसे प्रमुख साहसिक जल क्रीड़ा देशों से भागीदारी के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

5. मृणालिनी श्रीवास्तव बनीं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की नई निदेशक
• केंद्र सरकार ने आईपीएस अधिकारी मृणालिनी श्रीवास्तव को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। उनकी ये नियुक्ति 29 फरवरी, 2024 तक की अवधि के लिए रहेगी। मृणालिनी श्रीवास्तव 2002 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं।
• राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत में आपदा प्रबंधन के लिये शीर्ष वैधानिक निकाय है। इसका औपचारिक रूप से गठन 27 सितंबर, 2006 को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत हुआ जिसमें प्रधानमंत्री (अध्यक्ष) और नौ अन्य सदस्य होंगे और इनमें से एक सदस्य को उपाध्यक्ष पद दिया जाएगा।

6. आम लोगों के लिए खोला गया अमेरिका का पहला गांधी संग्रहालय
• सितंबर, 2022 में अमेरिका के न्यूजर्सी में महात्मा गांधी के जीवन और संदेश को समर्पित अमेरिका का पहला संग्रहालय आम लोगों के लिए खोल दिया गया। यह राष्ट्रपिता को समर्पित अमेरिका में पहला संग्रहालय है। संग्रहालय में कलाकृतियों के साथ-साथ डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन हैं, जिनसे आगंतुक शांति-अहिंसा के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में विश्व विख्यात हस्ती के जीवन की घटनाओं को देख-सुन सकेंगे।

7. नागालैंड में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का किया गया शुभारंभ
• 14 अक्टूबर, 2022 को नागालैंड में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से राज्य के सभी नागरिकों को कई बीमारियों के लिए नि:शुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। यह योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के साथ लागू की जा रही है। यह कार्यक्रम नगालैंड सतत विकास लक्ष्य परिकल्पना -2030 साकार करने की दिशा में एक कदम है।

8. INS अरिहंत से सबमरीन लॉन्च्ड बैलिस्टिक मिसाइल का किया गया सफल प्रक्षेपण
• 14 अक्टूबर, 2022 को आईएनएस अरिहंत से एक सबमरीन लॉन्च्ड बैलिस्टिक मिसाइल (SLBM) का सफल प्रक्षेपण किया गया है। मिसाइल का पूर्व निर्धारित रेंज तक परीक्षण किया गया और बंगाल की खाड़ी में यह अपने सटीक निशाने पर पहुंचा। परीक्षण के दौरान मिसाइल के सभी संचालन और तकनीकी मानक सही पाये गये।

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 17 October 2022

• आईएनएस अरिहंत से एसएलबीएम का सफल परीक्षण लॉन्च चालक दल की क्षमता को साबित करने और परमाणु संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी कार्यक्रम को मान्य करने के लिए महत्वपूर्ण है। भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का यह एक प्रमुख तत्व है।

9. अलीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वजाहत हुसैन ने जीता शेख जायद अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार
• अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रमुख अकादमिक प्रोफेसर वजाहत हुसैन ने पारंपरिक, पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा के लिए दूसरा शेख जायद अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त अध्यक्ष हुसैन को जायद चैरिटेबल एंड ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दूसरा शेख जायद अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

10. कमलप्रीत कौर पर डोपिंग उल्लंघन के आरोप में तीन साल का प्रतिबंध लगा
• भारत की सबसे बेहतरीन एथलीट में शामिल चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर पर तीन साल का बैन लगाया गया है। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई ने डोपिंग के मामले में उन पर कार्रवाई की है। उनका 29 मार्च, 2022 से प्रभावी होगा और मार्च 2025 में खत्म होगा। इसी साल सात मार्च के दिन एआईयू ने पटियाला में कमलप्रीत की जांच की थी और उन्हें स्टेरॉयड पॉजिटिव पाया गया था। इसके बाद इसी साल मई में उन्हें अस्थाई रूप से निलंबित किया गया था।

Resultuniraj.co.in